# पाठ १३ तालाब

## प्रश्न-अभ्यास

### बातचीत के लिए

**1. इस तालाब को छोटा तालाब क्यों कहते होंगे?**

**उत्तर –** इस तालाब का आकर छोटा है इसलिए इसे छोटा तालाब कहते होंगे।

**2. इस तालाब में कौन-कौन से जीव हैं?**

**उत्तर -** इस तालाब में कछुआ, केंचुए, मछलियाँ, साँप, केकड़े, मेंढक, कनखजूरे, गिलहरियाँ, चीटियाँ, छिपकलियाँ, गिरगिट, कौए, मैना, तोते, किंगफ़िशर, फाख्ता आदि जीव रहते हैं।

**3. तालाब के पास इतने सारे जीव क्यों रहते होंगे?**

**उत्तर -** तालाब एक प्राकृतिक जलाशय है। यहाँ पानी, भोजन, और आश्रय मिलता है। इसलिए इतने सारे जीव-जंत तालाब के पास रहते हैं।

**4. तालाब को किनकी याद आएगी? और क्यों?**

**उत्तर -** तालाब को सारस की याद आएगी। क्योंकि सर्दियों के दिनों में सारस दूर-दूर से आते हैं और तालाब में रहते हैं। सारस इस तालाब के लिए एक आकर्षण का केंद्र हैं। जब सारस चले जाएँगे, तो तालाब को उनकी कमी महसूस होगी।

**5. कहानी के इस वाक्य में 'उड़ाकू ' का अर्थ क्या हो सकता है?**

उत्तर - कहानी के इस वाक्य में "उड़ाकू" का अर्थ "उड़ने वाले जीव" हो सकता है।

### नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखिए

**1. सही या गलत पर घेरा लगाइए और कारण भी बताइए –**

**(i) ये सारस हमेशा उसी छोटे तालाब के पास रहेंगे। सही / गलत**

**(ii) यह कहानी गर्मियों में दि लिखी गई है। सही / गलत**

**उत्तर -** (i) सही (ii) गलत

**2. आप तालाब के पास होते तो कया करते? लिखिए –**

**उत्तर -** अगर मैं तालाब के पास होता तो मैं बहुत खुश होता। मैं तालाब के पानी को देखता और उसकी आवाज़ सुनता। मैं तालाब में तैरती मछलियों को देखता और उनके साथ खेलता। मैं तालाब के किनारे उगती घास और फूलों को देखता और उनकी सुगंध लेता।

**3. 'क्ष' अक्षर की पहचान कीजिए और 'क्ष' से बनने वाले शब्दों को पहचान करके दोबार लिखिए –**

**उत्तर -**

| **शब्द** | **ट्रेस करिए** | **खुद लिखिए** |
|---|---|---|
| पक्षी | पक्षी | पक्षी |
| अक्षर | अक्षर | अक्षर |
| कक्षा | कक्षा | कक्षा |
| शिक्षा | शिक्षा | शिक्षा |

## शब्दों का खेल

**जीवों के नाम को उनके चित्र से रेखा खींचकर जोड़ीए –**

